**Fourteenth Loksabha**

**Session : 6**
**Date : 13-12-2005**
**Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar**

>

Title : Need to implement National Coal Wage Agreement No. 7 to ensure equal wages for equal work to labourers at IISCO under SAIL.

**श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद)** : महोदय, इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कंपनी (इस्को) का विलयन स्टील ॲथारिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सेल) में हो गया है। इस्को के अंतर्गत मुख्तः तीन कोयला खदानें - चास नाला, जितपुर ए वं रामनगर हैं, जिनमें लगभग चार हजार कोयला श्रमिक कार्य कर रहे हैं। देश के कोयला खान श्रमिकों के लिए राट्रीय कोयला वेतन समझौता नं0-7 इस वा के जून माह में सम्पन्न हो चुका है, जिसका लाभ कोल इण्डिया के समस्त मजदूरों को मिल रहा है, परन्तु इस्को में कार्यरत कोयला कर्मियों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह मांग करता हूँ कि देश के कोयला श्रमिकों के वेतन तथा अन्य सुि वधाओं में एकरूपता बनाए रखने के लिए इस्को कोयला कर्मियों के लिए, जिसका विलयन सेल में हो चुका है, अि वलम्ब राट्रीय कोयला वेतन समझौता नं0-7 लागू कराया जाए, जिससे समान कार्य के लिए समान वेतन एवं सुविधा श्रमिकों को प्राप्त हो सके। यह बहुत महत्वपूर्ण एवं गंभीर मुद्दा है।